पत्र सूचना कार्यालय (रक्षाविंग)
भारतसरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नईदिल्लीः आषाढ़
07,1944

मंगलवारः 28 जून 2022

भारतीय तटरक्षक बल के केंद्रीकृत वेतन प्रणाली पद्म का शुभारंभ

भारतीय तटरक्षक बल के स्वचालित वेतन और भत्ते मॉड्यूल पे रोल ऑटोमेशन फॉर डिस्बर्समेंट ऑफ मंथली अलाउंसेस (पद्म) का शुभारंभरक्षा मंत्रालय के रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) श्री रजनीश कुमार द्वारा 28 जून 2022 को किया गया।

पद्म नवीनतम प्रौद्योगिकी वाला एक स्वचालित मंच है जो भारतीय तटरक्षक के लगभग 15,000 कर्मियों को वेतन और भत्तों का निर्बाध और समयबद्ध वितरण करेगा। इस मॉड्यूल को रक्षा लेखा विभाग के तत्वावधान में विकसित किया गया है और इसे तटरक्षक के रक्षा लेखा कार्यालय, नोएडा द्वारा संचालित किया जाएगा। इसके शुभारंभ से केंद्रीकृत वेतन प्रणाली (सीपीएस) की शुरुआत को हो गयी है, जिसकी नींव रक्षा लेखा विभाग मुख्यालय द्वारा मंत्रालय के तहत सभी संगठनों के लिए वन स्टॉप पे अकाउंटिंग समाधान प्रदान करने के लिए रखी जा रही है।

रक्षा लेखा महानियंत्रक ने जोर देकर कहा कि सरकार ने समर्पित सेवाओं को सुनिश्चित करने और हर स्तर पर मैनुअल हस्तक्षेप को कम करने और बड़े पैमाने पर ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल इंडिया के लिए अभियान चलाया है। पद्म के शुभारंभ से डिजिटल इंडिया अवधारणा को मजबूती मिलेगी। यह 'आत्मनिर्भर भारत' पहल भी है क्योंकि पूरे मॉड्यूल को डोमेन विशेषज्ञों की सहायता से भारतीय उद्यमियों द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है।

एबीबी/डीएस/आरपी